हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 अफसरों का दो दिन मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य, गुरु व शुक्रवार ...



11 कलयुग में शांति का मार्ग है श्रीमद्‌ भागवत...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय बैठक 25 फरवरी को

**बालोद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार 25 फरवरी को दोपहर 01 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी जिला समन्वयक अपने अधीनस्थ समस्त शाखाओं का शासकीय योजना अंतर्गत किए गए ऋण स्वीकृति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय एवं तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### मृतक के परिजनों के लिए 4 लाख की सहायता स्वीकृत

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा कारण जिले के मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों के अनुसार 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करे। जारी आदेश में बालोद तहसील के मृतक धृष्टधुम्मन की पत्नी तामेश्वरी ग्राम सेम्हरकोना को 4 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### पूर्व सांसद मोहन गोंडवाना समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

**गुण्डरदेही।** पूर्व सांसद मोहन मंडावी को गोंडवाना समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मोहन मंडावी के मनोनयन पर पूर्व विधायक राजेंद्र राय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, दुर्ग केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष नरेश यदु, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर सहित क्षेत्र के प्रमुख राजनेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित भाजपा कार्यकर्ता व समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

### छात्राओं ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में लहराया परचम

**कुसुमकसा।** आदिवासी विकासखंड डोंडी के वनांचल ग्राम स्थित शासकीय प्राथमिक शाला धोबनी ब की दो छात्राओं ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कक्षा पांचवीं की छात्रा शशिकला ने विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हसीना ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधान पाठक ने दी बधाई, नवाचार के लिए किया प्रेरित संस्था की प्रधान पाठक मंजुलता श्रवण ने दोनों छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संकुल समन्वयक उत्कल कुमार साहू, माधो राम सर्पा, नकुल एलेन्द्र, बी.के. विश्वकर्मा सहित पालकगण उपस्थित रहे। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शशिकला और हसीना को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही परीक्षा में शामिल अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर उनके हौसले बुलंद किए गए। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से समस्त ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बच्चों की सफलता को शिक्षा के प्रति जागरूकता और परिश्रम का परिणाम बताया।

### चोरी की एक्टिवा जब्त आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलगांव पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की एक्टिवा बरामद की है। पुलिस के अनुसार मीनाक्षी नगर पद्मनाभपुर निवासी सोनू श्रीवास (32 वर्ष) ने 17 फरवरी को स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि शाम करीब 4 से 4.30 बजे के बीच उसने अपनी एक्टिवा सीजी 07 बीक्यू 0204 को देसी शराब भट्टी गेट के पास खड़ी कर शराब खरीदने गया था। जब वहां से लौटा तो वह चोरी हो गई थी।

# बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता, दलहन-तिलहन फसलों पर संकट

हरिभूमि न्यूज:बालोद

जिले में सोमवार सुबह से ही आसमान काले घने बादलो से ढ़का रहा। जहां सुबह सूर्यदेव के दर्शन काले घने बादलो के कारण नही हुए। वही दोपहर होते होते जिला मुख्यालय के साथ जिले के विभिन्न जगहो से बारिश की खबरे आई जिससे दलहन तिलहन के फसल को नुकसान होने की आशंका है।

गर्मी का प्रारंभ होने लगा था तथा लोग पंखे, कूलर, एसी का उपयोग होने लगे थे कि अचानक से सोमवार सुबह काले घने बादलो के बीच दोपहर होते होते बूंदा बांदी से लेकर मध्यम बारिश जिले के विभिन्न जगहो में देखने को मिली। जहां अचानक हुई बारिश ने सबको चिंता मे डाल दिया। अचानक हुई बारिश दलहन तिलहन की फसल ले रहे किसानो के लिए चिंता बढ़ गई है। जहां किसानो द्वारा वर्तमान में चना, बटरी, गेंहू, सरसो व कुछ हरी सब्जीयो के फसल लिए गए है, दलहन तिलहर के फसल पककर तैयार है, कई किसानों ने कटाई भी प्रारंभ कर चूकें है जो अभी ब्यारा या घर की छातें मे रखे है, तो कई जगह फसलो में फल फूल लगे हुए है, जिससे अचानक हुए बारिश व आंधी से दलहन तिलहर के फसलो के फल, फूल प्रभावित होने के साथ फसलो में कीड़े लगने की संभावना बढ़ गई है। जिससे किसानो को दलहन तिलहन के फसलो के नुकशान होने व दवाई प्रयोग से ज्यादा लागत आने से किसानो का मुनाफा कम हो जाएगा।

## कीट प्रकोप और बढ़ती लागत की चिंता



### अचालक बारिश से कीड़े लगने का डर

*किसान दिलेश्वर साहू ने बताया कि उनके द्वारा लाखड़ी व सरसो की फसल ली गई है, अब वे लाखड़ी फसल की कटाई की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अचानक हुई बारिश से लाखड़ी की फसलो मे कीड़े लगने की संभावना तथा सरसो के फसल में फूल बारिश के कारण झड़ने लगे है, जिससे सरसो के फसल में उत्पादन कम होने का डर बना हुआ है।*



## बैठक : देश की लगभग अस्सी प्रतिशत आबादी किसान: पवन साहू

# भाजपा किसान मोर्चा की हुई परिचयात्मक बैठक, संगठनात्मक मजबूती पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज:बालोद

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला बालोद की कार्यकारणी गठन के बाद परिचयात्मक बैठक हुई। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के मुख्य आतिथ्य एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने मार्गदर्शन किया। प्रथम परिचयात्मक बैठक रूप में भारतीय पार्टी जिला कार्यालय जुंगेरा बालोद में आयोजित की गई। पवन साहू ने किसान मोर्चा की कार्यप्रणाली एवं किसान हितों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता किस रूप में अपनी सहभागिता देंगे इस पर विस्तृत जानकारी दी।

पवन साहू ने कहा कि किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण मोर्चा है। देश के लगभग अस्सी प्रतिशत आबादी किसान है, देश की समृद्ध अर्थ प्रबंधन किसानों की उपज पर ही निर्भर है, किसान फसल उगाकर पूरे देश के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था करते हैं। किसानों को फसल उत्पादन एवं विक्रय को लेकर बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए किसान मोर्चा के सारे सदस्य उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव तत्पर रहें।







### योजनाओं को धरातल तक पहुंचाएंगे: जिलाध्यक्ष देशमुख

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने अपने कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय कराया तथा सभी सदस्यों से आग्रह किया की पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का पूरी निष्ठा से परिपालन करेंगे तथा किसानों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाएंगे। भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री राकेश यादव ने संगठन की बारीकियों एवं पार्टी के दिशा निर्देशों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा जिला बालोद के महामंत्री पुष्पेंद्र तिवारी ने किया।

### इनकी रहीं उपस्थिति

बैठक में भारतीय जनता पार्टी जिलामंत्री प्रेम साहू, किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत वर्मा, दयानंद साहू, प्रदेश सह संयोजक योगेंद्र कुमार देशमुख, उपाध्यक्ष मनोहर सिन्हा, मनीकांत बघेल, महामंत्री पुष्पेन्द्र तिवारी व संतोष गंगबेर, मंत्री नेमलाल यादव, हिम्मत देशमुख, रिखीराम साहू, हितेश साहू, कोमल कुमार दुग्गा, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, सह कोषाध्यक्ष दिनेश साहू, सोशल मीडिया राजेन्द्र देवांगन, सह सोशल मीडिया देव देवांगन, कार्यालय मंत्री बीरेंद्र साहू, सह कार्यालय मंत्री संतोष चंद्राकर, तुलेंद्र साहू, मन की बात प्रभारी लक्ष्मी चंद साहू, चिंताराम साहू, युवराज साहू, साहू, शशिकांत साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्षों में ओमप्रकाश साहू, जुंगेरा मंडल हेमराज साहू, करहीभदर मंडल श्रवण देवांगन, सनौद मंडल लीलाराम सोनबेर, मिरऍटोला पुरूर मंडल सुरेन्द्र तिवारी, डौंडी लोहारा मंडल हेमंत साहू, डौंडी मंडल रोहित भास्कर, दल्ली राजहरा मंडल गिरिधर सिन्हा, गुण्डरदेही मंडल कल्याण साहू, सिकोसा मंडल मोहित साहू, ओटेबन मंडल मेघा श्याम चंद्राकर, अर्जुन्दा मंडल सुनील बेलचंदन, सूरेगांव मंडल शोभित यादव, देवरी मंडल यादराम सिन्हा उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन किसान मोर्चा जिला बालोद महामंत्री संतोष गंगबेर द्वारा किया गया।

# राइस मिल से 150 कट्टा धान चोरी, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज:बालोद/निकुम

अर्जुंदा थाना क्षेत्र से महज 10 किलोमीटर की दूरी में स्थित ग्राम पंचायत खुरसुल के राइस मिल में बीते 19 फरवरी गुरुवार को मां अन्नपूर्णा राइस मिल में धान चोरी होने का मामला सामने निकल कर आ रहा है, जहां पर रात्रि में चौकीदार होने के बावजूद भी लगभग 150 कट्टा धान की बोरी चोरी हो गया, चौकीदार के होने के बावजूद चोरी होना कई सवालिया निशान उठा रहे हैं।

अर्जुन्दा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खुरसुल में स्थित मां अन्नपूर्णा राइस मिल मे बीते गुरुवार सुबह को खेत एवं राइस मिल के परकोटे के बाहर धान से भरे बोरी देखा गया, जिसके पश्चात मिल मालिक को इसकी सूचना दिया गया। मिलर ने धान चोरी होने की आशंका करते हुए तत्काल थाना अर्जुंदा को सूचित किया गया, इसके पश्चात थाना प्रभारी के द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर मौका का निरीक्षण किया गया, इसके बाद चोरी होना स्पष्ट हुआ।

### जांच में जुटी

थाना अर्जुंदा के द्वारा इस चोरी की सूचना अपने उच्च अधिकारी को भी दिया गया। उसके बाद बालोद से साइबर टीम भी वहां पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अभी फिलहाल छानबीन जारी है। थाना अर्जुंदा व साइबर टीम जांच में जुटी हुई है। इस मामले में चोरी का मामला स्पष्ट हो रहा है, जिसे देखते हुए थाना अर्जुंदा के द्वारा चोरी का अपराध दर्ज किया गय है। आस–पास के लोगों से जानकारी लेने पर पता चला कि जिस दिन रात्रि में धान चोरी हुआ था उस दिन रात्रि में बिजली बहुत देर तक बंद हुई थी, लगता है इस समय रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोरी किया गया है।

# गन्ना भुगतान को लेकर किसान संघ ने जीएम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

- किसानों ने रखी अपनी मांग

भारतीय किसान संघ जिला बालोद के पदाधिकारियों एवं किसानों ने शक्कर कारखाना करकाभाट के जीएम से मिलकर गन्ना किसानों का गन्ना का भुगतान के लिए विस्तार से चर्चा किया एवं होली के पहले सभी किसानों का भुगतान उनके बैंक खाते मे डालने की मांग की गई। इस दौरान भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, जिला मंत्री चाणक्य यादव, जिला जैविक प्रमुख मनहरण साहू, बालोद तहसील मंत्री लक्ष्मीचंद धनकर, गुण्डरदेही तहसील उपाध्यक्ष चमरू राम साहू, लोहारा तहसील संयोजक पुष्पेन्द्र कुमार नेताम, बनाऊ राम साहू, नरेश कुमार महतो, जिवन लाल साहू एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

# वाहन की ठोकर से बाइक सवार गंभीर, चालक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज:अंडा

गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम काचांदूर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एक बोलेरो वाहन ने बाइक सवार को पीछे से ठोकर मार दी। यह घटना आज शाम लगभग 4:20 बजे हुई। बाइक सवार की पहचान चुम्मन निषाद (वासी बिरेतरा) के रूप में हुई है।

घटना के अनुसार, चुम्मन निषाद अपनी बाइक पर जा रहे थे, तभी अचानक एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोटें आईं हैं, और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बोलेरो चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मारी और मौके से बिना रुके फरार हो गया। घटनास्थल पर पुलिस की टीम पहुंच गई है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि फरार वाहन चालक की तलाश जारी है।



# पैरावट में लगी आग, ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा नुकसान टला

हरिभूमि न्यूज बालोद

- 5 एकड़ का पैरावट जलकर राख

गर्मी प्रारंभ होते ही जगह आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी है, ऐसी ही एक घटना मे मवेशीयो के चारा के लिए रखे पैरावट में आग लग गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्परता से आस पास अन्य मौजूद पैरावट को आग लगने से बचाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नेवारीकला में एक किसान द्वारा मवेशी को खिलाने के लिए सड़क किनारे रखे 5 एकड़ के पैरावट में आग लग गई, जिसकी जानकारी लगते ही आस पास के किसानों द्वारा पैरावट में लगे आग को बुझाने की कोशिश की, एवं आग अन्य पैरावट तक न पहुंचे इसकी व्यवस्था की, जिसके चलते 5 एकड़ का पैरावट तो जल गया, लेकिन उसके आसपास मौजूद अन्य पैरावट में आग लगने से बचाया जा सका। ग्रामीण व किसानों से मिली जानकारी के अनुसार पैरावट के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है, जिसके कारण गर्मी के दिनो में आग लगने की संभावना ज्यादा रहती है इसी कारण पैरावट में आग लग गई होगी।



## विभिन्न मामलों में की गई सुनवाई, त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज रमतरा के सरपंच ने डबरी निर्माण हेतु सीमांकन, डौण्डी के रंजीता एवं गोड़री के नन्हेलाल ने राशन कार्ड बनाने, रूदा निवासी लोमेश्वरी ने आवास का पट्टा दिलाने हेतु कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### चार दिव्यांगों को बांटी बैटरी चलित ट्रायसाइकिल



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कलेक्टर जनदर्शन में चलने–फिरने में हो रही असुविधा के कारण ट्रायसायकिल की मांग लेकर पहुंचे बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर के दिव्यांग रामचरण, ग्राम परसाही के गोपेश्वर कुमार एवं ग्राम नेवारीकला के दिव्यांग यशवंत कुमार कुंभकार तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम राघोनवागांव के दिव्यांग तानसिंह को बैटरी चलित ट्राय साइकल प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने दिव्यांग रामचरण, तानसिंह, गोपेश्वर एवं यशवंत कुमार से उनका कुशलक्षेम पूछा और नया ट्रायसायकिल मिलने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। जनदर्शन में अपने मांग को लेकर कलेक्टर से मुलाकात करने के उपरांत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तत्काल ट्रायसायकिल मिलने पर सभी दिव्यांग बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे।

# गांधी पुण्यतिथि और होली पर शराब दुकानें खोलना दुर्भाग्यपूर्ण : केशव बंटी

हरिभूमि न्यूज:अंडा



- त्योहारों में शांति भंग होने की आशंका

नई आबकारी नीति में महात्मा गांधी पुण्यतिथि, होली, मुहर्रम के दिन शराब दुकान खोलने के फैसले को भाजपा सरकार का शराब प्रेम करार देते हुये पूर्व उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने कहा कि होली पर्व पर शराब दुकान को खुले रखना भाजपा शासन का दुर्भाग्य पूर्ण निर्णय है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पुण्यतिथि के दिन शराब दुकान बन्द कर समाज को नशामुक्ति की प्रेरणा दी जाती है। भाजपा सरकार ने गांधी पुण्यतिथि के दिन शराब दुकान खोलकर बापू की नशामुक्ति के विचारों की हत्या की है। होली एवं मोहर्रम त्यौहार के दिन शराबखोरी को बढ़ावा देकर शांति भंग करने वालो बढ़ावा दे रही है। इससे त्यौहार के दिन नशेड़ी आतंक मचायेंगे, उपद्रव होगा, शांति भंग होगी। हरमुख ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश के महिलाओं को सरकार बनने पर शराबबंदी करने का अश्वासन दिया था।

अब सरकार में आते ही शराब के प्रति भाजपा का प्रेम बढ़ गया। भाजपा जिस शराब को महिलाओं के लिए खराब बताकर विरोध करते थे, अब उसी शराब को ज्यादा से ज्यादा कैसे बेचे? घर-घर तक कैसे पहुंचाये, इस के नीति बनाई जा रही है। ज्यादा शराब खपत के लिए 102 नई शराब दुकान खोल रही है। आबकारी नीति में बदलाव कर शराब पिलाने होटल, ढाबों, बार खोलने फीस शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**खड़गांव।** बिना हेलमेट और शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ दिया है। मिली जानकारी के अनुसार खड़गांव क्षेत्र के थाना प्रभारी निरीक्षक संजय यादव ने बताया कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए सभी जनता जनार्दन को सूचित किया जाता है कि बिना हेलमेट पहने हुए, बिना लाईसेंस, तीन सवारी बैठकर वाहन चलाने वाले, शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी, इसलिए यातायात नियमों का पालन करते वाहन चलाया जाए और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना योगदान दिया जाए।

संजय यादव ने बताया कि बड़े वाहनों पर भी लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी कार्रवाई निश्चित है। यातायात नियमों का पालन करते अपना और अपने परिवारजनों को सुरक्षित रखें। थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि होली त्यौहार को देखते हुए हमारे द्वारा लगातार यातायात व्यवस्था को लेकर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा लगातार गाड़ियों को चेक भी किया जा रहा है, ताकि कोई भी अप्रिय घटनाएं घटित ना हो।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के शुभम बने अध्यक्ष



**जेवरतला रोड़।** ग्राम पिनकापार के शुभम देशमुख को भाजपा देवरी मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष टिनेशवर बघेल, मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, मंडल महामंत्री राधे श्याम देवांगन का आभार व्यक्त किया है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. शशि कुमार देशमुख के सुपुत्र शुभम को जवाबदारी देकर पार्टी ने विशवास जताया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में जाग्रत देवांगन, दिलेश्वर भुआर्य, लोकेश साहू, इंदु भुआर्य, अशोक देवांगन, लेखराम देवांगन, ओमप्रकाश कोसमा, नरेंद्र निषाद, पप्पू कौशिक, भगवान देवांगन, बीदम देवांगन, लोकेश देवांगन, सुकाल गांवरे, परस भुआर्य, संतोष टंडन, पिंटू मारकंडे, नितेश देवांगन, शंकर देवांगन, दिलबहार देवांगन, देशु देवांगन, उदराज देवांगन, श्रवन राजपूत, यशवंत राजपूत, जनक खरे, भागवत भुआर्य, कन्हैया रजक, बिरेंद्र देवांगन ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते नवनियुक्त अध्यक्ष शुभम देशमुख को बधाई प्रेषित की है।

### मुआवजा प्राप्त करने वालों के निर्माण तोड़े गए

# छुईखदान से दनिया मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान से दनिया मार्ग पर आज प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष सड़क निर्माण से पूर्व शासन द्वारा एडीबी के माध्यम से मकान मालिकों एवं कब्जाधारियों को जमीन खाली करने के एवज में मुआवजा प्रदान किया गया था।

केसीजी कलेक्टर के आदेश के पालन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, थाना प्रभारी छुईखदान एवं निकाय कर्मचारियों की उपस्थिति में यह कार्रवाई संपन्न हुई। ज्ञात हो कि कुछ महीने पूर्व कलेक्टर के दौरे के दौरान नाली के ऊपर निर्मित अवैध अतिक्रमण को चार दिनों के भीतर हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी कर निर्माण हटाने का आग्रह किया गया था। एक सप्ताह पूर्व प्रशासन ने मुनादी कराकर 23 फरवरी तक अतिक्रमण स्वयं हटाने की चेतावनी भी दी थी। आज प्रशासन जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचा। जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई। कुछ अतिक्रमण तत्काल हटाए गए। जबकि कुछ लोगों को सीमित मोहलत देते हुए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।



### पत्रकारों को धमकी देने का आरोप

कार्रवाई से नाराज कुछ अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा मौके पर मौजूद पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करने, गाली-गलौज करने और मारपीट की धमकी देने की जानकारी सामने आई है। इस घटना से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकारों ने प्रशासन से सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# जनपद सीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी

### जनप्रतिनिधियों के साथ आपसी तालमेल की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



डोंगरगढ़ जनपद पंचायत में पदस्थ सीईओ भगवती साहू की कार्यप्रणाली को लेकर सवालिया निशान उठा है। बताया जा रहा है कि जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी भी सीईओ के व्यवहार से काफी नाराज हैं। हफ्ते में 2 या 3 दिन लग्जरी गाड़ी से राजनांदगांव से आना-जाना करने वाली सीईओ की स्थानीय ग्राम पंचायत एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल भी नहीं बैठ पा रहा है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि भाजपा नेताओं की उपर स्तर में शिकायत के बाद भी उक्त सीईओ को लेकर किसी प्रकार हल भी निकलते नजर नहीं आ रहा है। बताया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार और जनपद पंचायत भाजपा का वर्चस्व होने के बावजूद डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में कांग्रेस का विधायक होने के कारण कांग्रेस जनप्रतिनिधियों की मोनोपल्ली संचालित होने की जानकारी सामने आई है।

### स्थानांतरण का खेल शुरू

वर्तमान महिला सीईओ के पदस्थ होने के बाद से जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत के सचिवों को जबरन दबाव डालकर स्थानांतरण करने का खेल भी शुरू होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों का हवाला देकर कुछ दलाल सचिवों से मोटी रकम कमीशन के रूप में भी मांग रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये सब मामले की शिकायत भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने पार्टी स्तर पर उपर तक दी है, लेकिन वर्तमान सीईओ को ऊपर राजनीतिक संरक्षण होने के कारण उन पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बनने से उनके हौसले और ज्यादा बुलंद हो चुके हैं।

# होली त्यौहार पर बाजार हो रहा गुलजार, अच्छी ग्राहकी की उम्मीद

**खड़गांव।** ग्राम खड़गांव में आगामी भाईचारे का त्यौहार होली त्यौहार को लेकर जबर्दस्त तैयारी की जा रही है। जिसके चलते रंग-गुलाल, पिचकारी, ताशा, चूड़ी कलर व अन्य सामानों का भरपूर स्टाक व्यापारियों द्वारा एकत्रित किया जा रहा है।

ग्राम खड़गांव के किराना व्यापारी तिलक साहू ने बताया कि इस वर्ष होली त्यौहार बहुत ही जबर्दस्त रहेगा, इसलिए हमारे द्वारा एक से बढ़कर एक रंगों के कलर लाए गए हैं। इसके अलावा हमारे यहां सभी रंग बिना केमिकल वाले हैं, जिसे लगाने पर चेहरे पर कोई भी साईट इफेक्ट नहीं होगा। व्यापारी देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि हमारे यहां गुलाल और पिचकारियों की भरपूर रेंज उपलब्ध है। व्यापारी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि हमारे यहां हर्बल गुलाल और एक से बढ़कर एक पिचकारी उपलब्ध है, जिसे देखकर दिल प्रसन्न और मन गदगद हो जाएगा। व्यापारी भीखम ने बताया कि बच्चों के लिए गुलाल के अलावा जबर्दस्त ताशा लाया गया है, जिसे बजाने से ऐसा लगता है, जैसे बच्चों द्वारा नगाड़ा बजाया जा रहा है। यादव किराना, सुरेंद्र राणा किराना, पाल किराना, डोगेंरे किराना, पूरन साहू किराना के व्यापारियों का कहना है कि बीते समय के अनुसार इस वर्ष रंग-गुलाल और पिचकारियों पर रेट पर इफाजा नहीं हुआ है। जिसके कारण इस वर्ष होली त्यौहार बहुत ही जबर्दस्त रहेगा।

### दो दिनों का मिलेगा अवसर

देशमुख किराना और पितांबर किराना व्यापारी ने बताया कि इस बार होलिका दहन के दूसरे दिन ग्रहण लग रहा है। जिसके कारण इस बार दो दिनों का अवसर मिलेगा होली त्यौहार पर रंग-गुलाल बेचने का। जिसके चलते उम्मीद किया जा सकता है कि इस वर्ष बीते वर्ष से ज्यादा व्यापार रहेगा रंग-गुलाल और पिचकारियों का। व्यापारियों के अलावा भी वर्तमान समय पर उपभोक्ताओं में आगामी होली त्यौहार को लेकर बहुत ज्यादा खुशी भरा माहौल बना हुआ है, जिसे देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि इस वर्ष जबर्दस्त व्यापार के साथ होली त्यौहार मनाया जाएगा।

# जिले में संस्थागत प्रसव भरोसे की ढाल

- मां का आत्मविश्वास, शिशु की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित, सम्मानजनक प्रसव को बढ़ावा देने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में जन्म सहयोगी कार्यक्रम का प्रभावी क्रियांवयन किया जा रहा है। संस्थागत प्रसव व सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में उभर रहा है। कलेक्टर व जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित मातृत्व के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि प्रसव एक अत्यंत संवेदनशील, भावनात्मक क्षण होता है। कई बार महिलाएँ अस्पताल में प्रसव के दौरान मानसिक तनाव या अकेलेपन का अनुभव करती हैं। जन्म सहयोगी कार्यक्रम अंतर्गत सामान्य प्रसव के समय गर्भवती महिला अपनी पसंद की एक महिला परिजन जैसे माँ, सास, बहन या सहेली को प्रसूति कक्ष में साथ रख सकती है। इससे महिला का आत्मविश्वास बढ़ता है और प्रसव प्रक्रिया अधिक सहज, सुरक्षित व सकारात्मक अनुभव में परिवर्तित होती है।

### कार्यक्रम के प्रमुख लाभ

प्रसव अवधि में कमी व सामान्य प्रसव की संभावना में वृद्धि, प्रसव पीड़ा सहित भावनात्मक तनाव में कमी, अनावश्यक चिकित्सीय हस्तक्षेप में कमी, जटिल प्रसव व प्रसवोत्तर समस्याओं में कमी, अस्पताल सेवाओं के प्रति परिवार के विश्वास बढ़ाने को जिले के सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित चिन्हांकित उप स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रसूति कक्ष में गोपनीयता बनाए रखने आवश्यक व्यवस्था की गई हैं इसके अलावा प्रसूति कक्ष मे प्रवेश पूर्व जन्म सहयोगी को उसकी भूमिका व दायित्वों की स्पष्ट जानकारी दी जाती है। सभी गर्भवती माताओं से अनुरोध है कि वे नियमित प्रसवपूर्व जांच अवश्य कराएं और प्रसव हेतु शासकीय स्वास्थ्य संस्था का चयन करें।, रहृष्ट के दौरान ही योग्य जन्म सहयोगी का चयन कर लेने से प्रसव के समय सुविधा सुनिश्चित होती है। जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला समूहों से भी आग्रह है कि वे घर-घर इस योजना की जानकारी पहुँचाएं और संस्थागत प्रसव के लिए परिवारों को प्रेरित करें।

### आपात स्थिति में तुरंत उपचार

संस्थागत प्रसव से स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट डॉक्टर व नर्स की निगरानी में सुरक्षित डिलीवरी संभव होती है। आपात स्थिति में त्वरित उपचार मिलता है, नवजात को तुरंत आवश्यक देखभाल व टीकाकरण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत निःशुल्क जांच, उपचार, भोजन, दवाई सहित रेफरल सुविधा प्रदान की जाती है। हर माँ सुरक्षित हर शिशु स्वस्थ के संकल्प के साथ जन्म सहयोगी कार्यक्रम जिले मे विश्वास और सुरक्षा की मजबूत कड़ी सिद्ध हो रहा है।

# रश्मिदेवी महाविद्यालय में स्टार्टअप व उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- स्टार्टअप संस्कृति रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा रानी रश्मिदेवी सिंह महाविद्यालय में एक दिवसीय स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं को स्वरोजगार व उद्यमिता के प्रति प्रेरित करने के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम मे महाप्रबंधक प्रणय बघेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उद्यमिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में स्टार्टअप संस्कृति युवाओं के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन रही है। शासन द्वारा स्टार्टअप को लेकर मार्गदर्शन व योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना जिसमे अधिकतम 35 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है उसकी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी प्राचार्य द्वारा छात्रों को विनिर्माण का प्रायोगिक अनुभव प्रदान करने एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित करने के प्रस्ताव पर महाप्रबंधक द्वारा सकारात्मक कारवाई का आश्वासन दिया गया।

# मेयर ने किया शिवनाथ नदी व मटियामोती का निरीक्षण

### मटियामोती जलाशय व मोंगरा बैराज एवं मोखली एनीकट में पानी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में शिवनाथ नदी मोहारा एनीकट का जल स्तर कम होने पर रॉ-वाटर प्रदाय करने मटियामोती जलाशय के अलावा मोंगरा बैराज एवं मोखली एनीकट में राजनांदगांव शहर के लिए पानी आरक्षित रखा जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत सुनील साहू, सावन वर्मा एवं राजा माखीजा के साथ मोहारा शिवनाथ नदी एवं मटियामोती जलाशय का निरीक्षण कर नदी में रॉ-वाटर स्टोरेज की जानकारी ली।

महापौर श्री यादव मोहारा शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर नदी में जलस्तर की जानकारी लेकर एनीकट के आसपास साफ-सफाई तथा फिल्टर प्लांट में ग्रीष्म ऋतु में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। प्लांट के तकनीकी अधिकारी ने जानकारी दी कि मोहारा एनीकट में वर्तमान में 4 फिट पानी कम हुआ है और प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मटियामोती जलाशय, मोंगरा बैराज एवं मोखली एनीकट में राजनांदगांव शहर के लिए पर्याप्त पानी रखने पत्र प्रेषित किया गया है। रॉ-वाटर कम होने की स्थिति में जलाशयों से पानी लिया जाएगा।



### प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी पानी लिया जाएगा

महापौर श्री यादव ने कहा कि गर्मी बढ़ने की स्थिति में प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी पानी लिया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार चरणबद्ध पानी ली जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पानी लेने की स्थिति आने पर आवश्क तैयारी रखे, पानी छोड़ने के पूर्व नहर-नाली की सफाई कराएं। गर्मी में पेयजल सप्लाई प्रभावित न हो इसके लिए अभी से तैयारी करें।

### 300 एमसीएफटी पानी सुरक्षित

इसी परिप्रेक्ष्य में महापौर श्री यादव मटियामोती जलाशय का भी निरीक्षण कर पानी संग्रहण एवं राजनांदगांव शहर के लिए आरक्षित पानी के संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारी से चर्चा की। अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि मटियामोती जलाशय में राजनांदगांव के शिवनाथ नदी एनीकट मे रॉ-वाटर प्रदाय करने 300 एमसीएफटी पानी सुरक्षित रखा गया है। मांग अनुसार पानी प्रदाय किया जाता है।

### कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

# मन की बात युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करती है : गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डोंगरगांव में मंडल भाजपा डोंगरगांव के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 131वां एपिसोड प्रसारित हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोंगरगांव के विभिन्न बूथों पर इसे सुना। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुनने भाजपा कार्यकर्ता व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड को संबोधित करते पीएम मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बात की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनियाभर से लोग शामिल हुए। उन्होंने एआई के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को बेहद करीब से देखा तथा पीएम मोदी ने आगे कहा कि विदेश से आए मेहमान यह देखकर हैरान रह गए कि कैसे एआई की मदद से हम प्राची ग्रंथों और प्राचीन इतिहास को संरक्षित कर रहे हैं। इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं का पता चला है। आधुनिक भारत में यह अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट थी।



देशवासियों को इस सफल समिट के लिए बधाई। एआई समिट पर पीएम मोदी ने कहा कि इस समिट में भारत ने 3 मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए हैं। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है। पीएम मोदी मन की चर्चा की।

### मन की बात देश को दिशा देने वाला मंच

श्री गांधी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देश को दिशा देने वाला मंच बन चुका है। उनके विचार युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने पर कार्यकर्ताओं में नए ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, प्रदेशवासियों से अपील की कि वो सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी संस्करणों की मन की बात कार्यक्रम को सुने। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, स्वरूपचंद जैन, रामकिशन माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल, संदीप जैन, प्रफुल्ल जैन राजा, राजेन्द्र कंडरा, सुमित अग्रवाल, राहुल जैन सहित भाजपा कार्यकर्ता सीए हीना मंगल के निवास पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

# भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी में घासी महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव







भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन तथा प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक ठाकुर के निर्देशानुसार की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों की सूची जारी की।

जारी सूची के अनुसार जिला महामंत्री पद पर घासी साहू एवं मनीष सोनी की नियुक्ति की गई है। जिला उपाध्यक्ष के रूप में आनंद साहू, निवेदन साहू, शिव बैलर एवं प्रतीक्षा भंडारी को दायित्व सौंपा गया है। जिला मंत्री पद पर श्यामसुंदर साहू, भोजराम वर्मा, किशोर यादव, गोपी प्रसाद देशमुख एवं भरत सिंह राजपूत की नियुक्ति की गई है। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर भावेश वरु, प्रवक्ता महेश साहू, मीडिया प्रभारी सतीश यादव एवं सोशल मीडिया प्रभारी रमेश सोनवानी को जिम्मेदारी दी गई है।

जिला किसान मोर्चा द्वारा जिले के सभी 16 मंडलों में अध्यक्ष एवं महामंत्री की घोषणा भी कर दी गई है। साथ ही जिला कार्यकारिणी सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची भी जारी की गई है। किसान मोर्चा से संबंधित सभी 6 प्रकल्पों की घोषणा करते संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। 6 प्रकल्पों के संयोजक जिसमें एफपीओ गठन कृषि उद्यानिकी एवं सब्जी उत्पादन के संयोजक ओपी सिंह एवं भू-राजस्व सुधार सौर ऊर्जा व बायोगैस प्रकल्प के संयोजक सुरेंद्र श्रीवास्तव, सहकारिता कृषि ऋण अनुदान योजना फसल बीमा पीएम धन धान्य कृषि रसायन एवं उर्वरक बीज प्रकल्प के संयोजक एसके सिंह, पशुपालन, दूध उत्पादन, मत्स्य पालन, कुकुट पालन, बकरी पालन, शुकर पालन के संयोजक महेश सोनी, विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण प्रकल्प के संयोजक सुरेंद्र कुमार ओझा, जैविक खेती अनुसंधान कृषि बागवानी पॉलीहाउस प्रकल्प के संयोजक हरगोविंद विजेवार घोषित किए गए। जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने कहा कि नवगठित टीम किसानों के हितों की रक्षा, केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संगठन विस्तार के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते अपेक्षा व्यक्त की कि सभी कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

छग महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम वासडी में गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों की बी पी, शुगर, की जांच की गई। एवं बीमारियों से पीड़ित मरीजों का निशुल्क उपचार कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां भी बांटी गई। शिविर में राधे कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के प्रमुख डॉ चेतन साहू के मार्गदर्शन में हॉस्पिटल के चिकित्सको की टीम एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने वासडी में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक वासडी सहित आस पास गांवों के ग्रामीणों का निशुल्क उपचार के साथ चिकित्सीय मार्गदर्शन किया। ग्रामीणों ने इस दौरान हॉस्पिटल एवं चिकित्सकों का आभार ज्ञापित किया और समय समय पर इस तरह के शिविर आयोजित करने की बात रखी।

### श्याम फागुन महोत्सव 27 से

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी की नगरी में आगामी 27 फरवरी से दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन रखा गया है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्याम रिजॉर्ट में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्य मयूर अग्रवाल ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह 4 बजे श्याम प्रेमी मुकेश भूत के निवास से बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः मुकेश भूत के निवास पहुंचकर संपन्न होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी को सुबह से भगवान खाटू श्याम का पूजन-अर्चन, धोक पूजा एवं आरती का आयोजन होगा।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मियों ने बजट में मांगा दुर्ग के लिए जेडी सेटअप



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने दुर्ग संभाग में बजट सत्र में संयुक्त संचालक (जेडी) स्वास्थ्य सेवाओं के सेट-अप को स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी है। संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मुख्य सचिव विकासशील व स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को भेजे ज्ञापन में कहा कि सभी संभागों में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाओं का सम्पूर्ण सेट-अप स्वीकृत है। दुर्ग संभाग बनने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जे डी दफ्तर की स्वीकृति अभी तक नहीं मिली है जबकि शिक्षा विभाग, राजस्व, पेंशन लेखा कोष, संयुक्त संचालक वेटरनरी, पशुपालन का कार्यालय खुल चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा, मोहल्ला मानपुर, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, बालोद व राजनांदगांव को लेकर दुर्ग संभाग का गठन किया गया है।

### शिविर में 185 निष्क्रिय खाता हुए सक्रिय

**दुर्ग।** जिला प्रशासन कोषालय शाखा दुर्ग द्वारा कई वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों में अवरुद्ध शासकीय राशि को सक्रिय करने और शासन को वापस कराने निराकरण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस शिविर में जिला कोषालय अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, विभिन्न कार्यालय प्रमुख, डीडीओ एवं बैंक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिला कोषालय अधिकारी केके खरंसु ने बताया कि अधिकारियों ने ई-केवाईसी दस्तावेज के साथ निष्क्रिय खाते सक्रिय करने की प्रक्रिया पूरी की।

पेज 9 का शेष

### गांधी पुण्यतिथि और ...

में छूट दे दी। मनपसंद ऐप बनाकर शराब की ब्रांड और उपलब्धता बता रही है। कांग्रेस मांग करती है बापू की पुण्यतिथि एवं होली, मुहर्रम के दिन पूर्व की तरह ही शराब दुकान बंद रखा जाये।

# कांग्रेस संगठन में दुर्ग में 31, भिलाई, ग्रामीण में 51 की कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पार्टी हाईकमान के निर्देश के बाद दुर्ग जिले के तीनों कांग्रेस जिला संगठनों में कार्यकारिणी विस्तार की कवायद शुरू हो गई है। पीसीसी से मिले निर्देश के अनुसार दुर्ग में जहां 31 मेंबर्स होंगे, वहीं ग्रामीण जिला और भिलाईनगर जिले में 51-51 मेंबर्स होंगे। रविवार को ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इसमें जिला महामंत्री के रूप में पालेश्वर ठाकुर को जगह दी गई है। वे सबसे युवा महामंत्री हैं।

इसके पूर्व पालेश्वर ठाकुर ग्राम मर्रा पंचायत के सरपंच भी रह चुके हैं। राकेश ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, उपाध्यक्ष जय प्रकाश चंद्राकर, महेंद्र वर्मा, तरुण बिजौर, प्रमोद राजपूत, रोहित कुर्रे, शमशीर कुरैशी, संतलाल बंजारे, विशाल देशमुख, हीरा वर्मा, निरंजन राजपूत, रिवेंद्र यादव, टिकेश्वरी देशमुख, महामंत्री राजीव गुप्ता, पुरुषोत्तम तिवारी, जयश्री वर्मा, लक्ष्मी साहू, ज्वाला प्रसाद साहू, जवाहर यादव, रूपेश देशमुख, कृष्णा देवांगन, योगिता चंद्राकर, जामवंत गजपाल, प्रदीप चंद्राकर, प्रकाश ठाकुर, भुवन साहू, रज्जाक खान, रवि प्रकाश ताम्रकार, राम सूर्यवंशी, दुर्गा गजबे, पालेश्वर ठाकुर को बनाया गया है।

## दुर्ग ग्रामीण जिला संगठन में पदाधिकारियों की घोषणा, सबसे युवा महामंत्री बने पालेश्वर



### सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व, जल्द होगी बैठक

कार्यकारिणी में सचिव राजा राम गहिरवार, दुलेश्वर साहू, पवन पटेल, धर्मेंद्र साहू, नेहरू यादव, ओम नारायण वर्मा, सुमित नारंग, नारायण निषाद, लोचन यादव, घनश्याम गजपाल, रोहित यादव, अभिषेक जांगड़े, सुमन वर्मा, महेंद्र निषाद, मुकुंद पारकर, पिलेश्वर साहू, राजेश मानिकपुरी, बहादुर नेताम, राजेश साहू, हिम्मत लाल धीमर बनाए गए हैं। सदस्यों के रूप में जागृति साहू, कल्याण साहू, सुरेंद्र गायकोवाड़, संगीता ठाकुर, उत्तरा कोसर, अघनु पाल, श्यामाचरण मनहर, गज्जू साहू, बंटी वैष्णव, जनार्दन सेन नियुक्त किए गए हैं। राकेश ठाकुर ने कहा कि संगठन में सभी वर्गों, समाजों एवं क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व का विशेष ध्यान रखा गया है।

### 2003 की मतदाता सूची को आधार पर बनाकर सत्यापन, 2.17 लाख से अधिक मतदाता

# वैशालीनगर में 44746, भिलाई में 36301 और दुर्ग विस में 42954 अधिक वोटर मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

2003 की मतदाता सूची को आधार बनाकर किए गए मतदाता गहन पुनरीक्षण के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है। 31 दिसंबर 2025 की स्थिति में जहां बेमेतरा जिले के दो आंशिक विधानसभा बेमेतरा और साजा को मिलाकर दुर्ग जिले में 14,52,5509 मतदाता थे। वहीं मतदाता पुनरीक्षण के बाद यानी 21 फरवरी 2026 की स्थिति में 12,35,230 रह गए हैं। यानी 2,17,279 मतदाता कम हो गए हैं। ये वे मतदाता हैं, जो या तो मौके पर नहीं मिले, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। दूसरी जगह अन्यत्र शिफ्ट कर गए हैं। एक से ज्यादा बार उनका नाम मतदाता सूची में था।

सत्यापन के बाद ऐसे सारे नाम हटा दिए गए हैं। बता दें कि जिलाा निर्वाचन की इस प्रक्रिया में 31,746 ऐसे मतदाता हैं, जिनके नाम नए जुड़े हैं। निर्वाचन ने इस बार दिव्यांगजन मतदाताओं की भी अलग से पहचान की गई है। जिले में 7785 दिव्यांग मतदाताओं की पहचान हुई है। वहीं नई मतदाता सूची की बात करें तो सबसे ज्यादा वैशालीनगर में कम हुए हैं। वैशालीनगर में 44746 मतदाताओं के नााम कटे हैं। दूसरे नंबर पर दुर्ग सिटी हैं, जहां 42954 नाम विलोपित किए गए हैं। इसके अलावा भिलाईनगर में 36301, दुर्ग ग्रामीण में 27276, अहिवारा में 39358, पाटन में 17125, बेमेतरा आंशिक में 2260 और साजा आंशिक में 7359 नाम विलोपित किए गए हैं। बता दें कि जिले में आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र में कुल 12,35,230 मतदाता का सत्यापन हो पाया। शेष को एसआईआर के बाद हटा दिया गया है।

## जिले में दिव्यांग मतदाता 7785, सबसे कम 606 भिलाई नगर में

### आपत्तियों के निराकरण के लिए 14 फरवरी तक था मौका, सत्यापन के बाद सूची जारी

बता दें कि 27 अक्टूबर 2025 से मतदाता पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। दावा आपत्तियां 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 के बीच ली गईं। भविष्य में समय-समय पर होने वाले आवश्यक संशोधनों के अनुसार, नागरिक प्रपत्र संख्या 6, 7 और 8 भी भर सकेंगे। अब भी मतदाताओं के पास नाम जोड़ने और हटाने का मौका है। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 तक बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटलीकरण और सत्यापन का काम किया गया था। इसमें 14,51,963 मतदाताओं में मैप्ड कैटेगरी ए में 5,04,059 मतदाता, मैप्ड कैटेगरी बी में 6,58,446 मतदाता तथा नो मैपिंग कैटेगरी में 14,015 मतदाता शामिल थे। विभिन्न कारणों से 2,48,803 फॉर्म अन-कलेक्टेबल श्रेणी में रहे। इनमें 41,431 मृत व्यक्ति, 30,255 अप्राप्य या अनुपस्थित व्यक्ति और 1,66,458 ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जो स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो गए थे। वहीं 9437 मतदाता पहले ही एनरोल्ड है तथा 1222 अन्य कैटेगरी में शामिल थे।

### मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के बाद विधानसभावार वोटरों की संख्या

| विधानसभा | 31 दिसंबर 2025 | 21 फरवरी 2026 | अंतर |
|---|---|---|---|
| पाटन | 222681 | 205556 | 17125 |
| दुर्ग ग्रामीण | 222544 | 195268 | 27276 |
| दुर्ग सिटी | 236265 | 193311 | 42954 |
| भिलाईनगर | 163324 | 127023 | 36301 |
| वैशालीनगर | 254291 | 209545 | 44746 |
| अहिवारा | 243616 | 204258 | 39358 |
| साजा (आंशिक) | 90651 | 83292 | 7359 |
| बेमेतरा (आंशिक) | 19137 | 16877 | 2260 |
| कुल | 1452509 | 1235230 | 217279 |

### दिव्यांग मतदाता सबसे ज्यादा पाटन विधानसभा में

निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा दिव्यांग मतदाता पाटन में हैं। यहां सत्यापन के बात 2118 दिव्यांग मतदाता पाए गए हैं। वैशालीनगर में 1193, अहिवारा में 1568, दुर्ग ग्रामीण में 1071, दुर्ग सिटी में 1129, भिलाईनगर में 606 दिव्यांग मतदाता हैं। आंशिक बेमेतरा और साजा में एक भी दिव्यांग मतदाता नहीं हैं। जिले पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग सिटी, भिलाईनगर, वैशालीनगर, अहिवारा में नए मतदाताओं में 34750 ने आवेदन किया, जिनमें से 1649 निरस्त हुए। 33101 मतदाता बने। प्रवासी भारतीय के मामले में 21 आवेदनों में से सिर्फ 12 को ही पात्र पाया गया। अन्यत्र शिफ्टिंग के मामले में 9462 आवेदन आए, जिनमें से 7122 पात्र पाए गए। त्रुटि सुधार के 6947 आवेदनों में से 6221 को ही पात्र माना गया।

### अब तक नहीं मिल पाई है स्पष्ट जानकारी

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। आयोग ने हमें जो जानकारी दी है वह अधिक है। उसका अवलोकन करने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इतने अधिक वोटरों को सूची से बाहर किया गया है, उनके संदर्भ में अभी कुछ पाना सही नहीं होगा, लेकिन हम अवलोकन कर रहे हैं।

**-धीरज बाकलीवाल,** अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग

# सरस्वती शिक्षा केंद्र की हुई जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज:कुसुमकसा

■ ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण व संस्कारयुक्त शिक्षा पर विशेष बल

शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केन्द्र, जिला बालोद का आवर्ती वर्ग एवं जिला स्तरीय बैठक सरस्वती शिशु मंदिर कुसुमकसा में संपन्न हुई।

बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता, केन्द्रों के सुचारू संचालन तथा वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य एवं कुसुमकसा मंडल मंत्री संजय बैस मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ ग्राम पंचायत कुसुमकसा के पंच संतोष जैन, संकुल प्रभारी नंदलाल कोसमा, जिला समन्वयक पुषण लाल भुआर्य तथा संकुल समन्वयक अमीरदास आचार्य सहित बड़ी संख्या में आचार्य-दीदी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना प्रार्थना के साथ हुआ।बैठक के दौरान वनांचल क्षेत्रों में संचालित केन्द्रों के लिए दरी एवं नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों के शैक्षणिक विकास हेतु उपयोगी शिक्षण-सहायक खिलौनों का वितरण किया गया। यह सामग्री समाजसेवी विनोद बच्चानी, रायपुर के सहयोग से उपलब्ध कराई गई। अतिथियों ने विभिन्न केन्द्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आचार्यों का मार्गदर्शन किया तथा संस्कार आधारित शिक्षा पर बल दिया।मुख्य वक्ता संजय बैस ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ राष्ट्रभाव, नैतिकता और सामाजिक दायित्व का बोध कराना संस्था का उद्देश्य है। संस्था नशा मुक्ति, स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं सामाजिक जागरूकता जैसे अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। अंत में आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक पुषण लाल भुआर्य ने किया।

### लॉटरी से 8 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निर्मित आवास अब अंतिम चरण में पहुंचकर हितग्राहियों को सौंपे जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा एएचपी घटक के अंतर्गत बनकर तैयार हुए ये आधुनिक आकर्षक और किफायती मकान नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात साबित हो रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र में गणपति विहार, सरस्वती नगर और माँ कर्मा बोरसी तीन प्रमुख स्थलों पर आवासों का निर्माण किया गया है। इन स्थलों पर नागरिकों द्वारा लगातार बड़ी संख्या में आवेदन जमा किए जा रहे हैं। नियमों के अनुसार हितग्राहियों के बीच प्रतिमाह निष्पक्ष लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आवास आवंटन किया जा रहा है। इन तीनों आवास स्थलों के लिए प्राप्त कुल 8 आवेदनों की लॉटरी निकाली गई। लॉटरी प्रक्रिया में महापौर अलका बाघमार, एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्रकार, शेखर चंद्रकार, ज्ञानू ताम्रकार, सुरुचि उमरे, रंजीता पाटिल, ललिता ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, खालिक रिजवी, रेशमा सोनकर एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।

# साहू समाज की बैठक में सामाजिक सुधारों पर जोर

हरिभूमि न्यूज□डौंडी

तहसील साहू समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी तहसील पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विशेष एजेंडा के तहत सामाजिक परंपराओं में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि मृत्यु कार्यक्रमों में मीठा भोजन पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। साथ ही गोधली बेला में बारात की उपस्थिति को सीमित करने तथा विवाह में वस्त्र वितरण की प्रथा पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि मृत्यु के अवसर पर कपड़ा ढकने की परंपरा के स्थान पर जरूरतमंद परिवार को आर्थिक सहयोग दिया जाए, जिससे उन्हें वास्तविक सहायता मिल सके।

**घोटिया में मनाई जाएगी भक्त माता कर्मा जयंती:** बैठक में जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव घोटिया में मनाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों की सहमति के बाद ग्राम पंचायत घोटिया में कर्मा जयंती महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तहसील साहू समाज के अध्यक्ष हिंसाराम साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव रतन साहू, संगठन मंत्री पुरन साहू, महिला उपाध्यक्ष कांति साहू, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष भोज साहू, कोषाध्यक्ष उमाकांत साहू, टिकेंद्र साहू, सोमेश साहू, भगवान दास साहू, चुरेंद्र साहू, मदन साहू, रोमन साहू, श्रीमती कैलाश बाई साहू सहित सभी प्रक्षेत्रीय अध्यक्ष एवं तहसील पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का उद्देश्य समाज में सादगी, सहयोग और एकजुटता को बढ़ावा देना रहा। उपस्थित पदाधिकारियों ने समाजहित में लिए गए निर्णयों को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।

## बूंद में समुद्र है... डॉ. शर्मा की यह कृति गागर में सागर : मिश्र

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



■ महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थानम भोपाल के अध्यक्ष ने की सराहना

महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थानम् भोपाल के अध्यक्ष आचार्य पं. प्रभुदयाल मिश्र ने आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की पुस्तक गागर में सागर की सराहना करते हुवे उसे बूंद में समुद्र कहा है। उनके अनुसार इस किताब में भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्त्वपूर्ण विषयों को भी पृष्ठभूमि में रखा गया है। ज्ञान-विज्ञान के शीर्ष संकेतकों से युक्त डॉ. शर्मा की यह कृति एक ज्ञान मंजूषा भी कही जा सकती है। उन्होंने वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भगवद्गीता, बिदुरनीति, चाणक्य नीति और संस्कृत महाकाव्यों से चुनिन्दा श्लोकों की रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्याएं की है। पुस्तक की विषय वस्तु छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित होती रही है। ज्ञान की विविधता और व्यावहारिकता देखते ही बनती हैं। आचार्य पं. प्रभुदयाल मिश्र के अनुसार ये किताब बिंदु में सिन्धु भी कही जा सकती है।

## अधिकारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जनगणना 2027 हेतु दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 20 फरवरी 2026 को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने जनगणना को एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए सभी चार्ज अधिकारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने निर्देशित किया। प्रशिक्षण में जनगणना के संयुक्त संचालक अशोक मिश्रा द्वारा जनगणना पदाधिकारियों की भूमिका और कानूनी प्रावधान, कोष प्रबंधन, सीएमएमएस पोर्टल के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी, प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर पालिका निगम, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, ग्रामीण, नगर चार्ज अधिकारी, जोन जनगणना अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलयुग में शांति का मार्ग है श्रीमद् भागवत की कथा : संत राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज:अंडा





■ हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आध्यात्मिक लाभ

श्री विष्णु महायज्ञ ओटेबंद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर आज पूज्य संत श्री राजीव नयन जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से भक्तों को गहरी आध्यात्मिक शिक्षा दी। महाराज श्री ने अपने प्रवचन में बताया कि अंत से अनंत की यात्रा को आध्यात्म कहते हैं और यह यात्रा जीवन के सत्य और परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग है।

आज के प्रवचन में संत श्री राजीव नयन जी ने कहा कि कलियुग में अगर शांति पाना है तो श्रीमद् भागवत के वाणियों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। भागवत के तत्वों को अपनाकर जीवन में सुख, शांति और संतोष पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि, मनुष्य को अपने उद्देश्य पर संतुलन बनाए रखना चाहिए क्योंकि तभी हर कार्य संभव हो सकता है।

संत जी ने भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा, कंकर को भी शंकर मानकर पूजा - यही सच्चा मानव धर्म है। इसी संदर्भ में उन्होंने शिव जी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि, शिव की जिव्हा से दो गंगाओं का प्रकट्य हुआ। एक भागीरथी और दूसरा भागवत। भागीरथी के पास जाना पड़ता है, लेकिन भागवत गंगा स्वयं आपके द्वार तक आती है, आपका उद्धार करने। उन्होंने भागवत कथा को रसमालयम (रस का घर) कहा और इसका महत्व बताते हुए कहा कि यह जीवन के हर क्षेत्र में सच्चे ज्ञान और भक्ति का स्रोत है। भागवत कथा के माध्यम से इंसान को परमात्मा के दर्शन होते हैं और जीवन में शांति व संतुलन मिलता है। संत श्री के इन प्रेरक शब्दों से कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं में गहरी श्रद्धा और भक्ति का संचार हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने इस अवसर का लाभ उठाया और भागवत कथा के रस में गोते लगाए। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन भी चलता रहा, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति से अद्भुत हो गया।

### संगठनात्मक प्रणाली को गहराई से समझना हमारा कर्तव्य-पुरुषोत्तम देवांगन

**भिलाई।** प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला भिलाई स्थित भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, विशिष्ट अतिथियों में पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, प्रभुनाथ मिश्रा, ब्रिजेश बिचपुरीया, शिरीष अग्रवाल, रविशंकर सिंह, महेश वर्मा, इन्द्रजीत सिंह गोल्डी थे। अध्यक्षता भिलाई के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की।प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि यह कार्यशाला केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यप्रणाली को समझने और संगठन के मूल विचारों को आत्मसात करने का माध्यम है।

# संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ता तैयार करना प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान कार्यशाला के समापन के पश्चात दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव थे। कार्यशाला में उपस्थित वक्ताओं के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के आगामी दिनों होने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संपन्नता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश और प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए विषय पर जानकारी दी गई।

मंत्री गजेंद्र यादव ने पांच परिवर्तन पर कहा कि भारत के ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म, धर्म, सनातन पर आधारित है। सनातन के विचारधारा को लेकर हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। पांच परिवर्तन सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव जागरण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन है। प्रदेश उपाध्यक्ष और नंदन जैन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक आत्मनिर्भरता का दर्शन है, जो राष्ट्र को महज भू-भाग नहीं, बल्कि एक जीता-जागता राष्ट्रपुरुष मानता है। शताब्दी पांडेय ने कहा कि प्रशिक्षण महा अभियान 2026 की शुरुआत हो रही है भारतीय जनता पार्टी को पार्टी विद डिफरेंट कहा जाता है क्योंकि हम अन्य पार्टी की अपेक्षा हमारी पार्टी के कार्यकर्ता अनुशासित होते और दिखते हैं और राष्ट्रवादी विचारधारा पर कार्य करते हैं। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह, सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, उषा टावरी, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, कांतिलाल बोथरा मौजूद थे।

### रुपए नहीं देने पर नाबालिग ने सीने पर किया हमला

**भिलाई।** छावनी थाना पुलिस ने नशा के लिए पैसे नहीं देने पर सीने पर धारदार हथियार से वार करने वाले नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय में प्रस्तुत किय। धारा 119(1), 109 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### झोफरा स्कूल में न्योता भोज कराया

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में नंदकिशोर नेताम ने अपने पिता रघुवर प्रसाद नेताम के निधन पश्चात श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दिवस पर सोमवार को स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। बता दे कि जब शासन की इस महत्ती योजना का शुरुआत हुआ, तब सर्वप्रथम इस स्कूल में न्योता भोज का श्री गणेश नंदकिशोर नेताम ने अपने पुत्र शिवम नेताम के जन्मदिवस को स्कूल में मनाकर किया था और हर वर्ष न्योता भोज का आयोजन करते है। इनके पिता भी प्रत्येक वर्ष शाला के सभी बच्चों के सहयोग में अग्रणी रहते थे, वे बच्चों के लिए कापी, पेन एवं प्रतिभाशाली बच्चों को स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस जैसे पर्व पर अपनी ओर से पुरस्कार प्रदान कर बच्चो का मनोबल बढ़ाते थे।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए पंजीयन 1 अप्रैल तक

**बालोद।** भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्नीकल, क्लर्क–स्टोर कीपर टेक्नीकल एवं ट्रेडमेन के पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती रैली में सम्मिलित होने अभ्यर्थी की अनिवार्य योग्यता 8वीं, 10वीं एवं 12वीं तथा अभ्यर्थी का जन्म 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 के मध्य होना चाहिए। आवेदकों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन वेबसाईट में करना अनिवार्य है। भारतीय थल सेना में सिपाही पदों पर अविवाहित पुरूष आवेदक की आयु 01 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008 की मध्य होना चाहिए। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 01 जून 2026 से 10 जून 2026 तक होने की संभावना हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी सेना भर्ती कार्यालय रायपुर या जिला रोजगार कार्यालय बालोद के दूरभाष में संपर्क कर सकते हैं।

### मारपीटः क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 3 गिरफ्तार



**भिलाई।** कुम्हारी थाना पुलिस ने पुरानी पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट कर क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को रात्रि करीब 11 बजे ग्राम खपरी में मुकेश जोशी उम्र 41 वर्ष और शुभम साहू उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी ग्राम खपरी द्वारा शराब सेवन कर आम स्थान पर आपसी वाद-विवाद करते हुए शांति भंग किया जा रहा था। इसी प्रकार राकेश जांघेल, उम्र 29 वर्ष, निवासी शांति नगर, भिलाई-3 द्वारा अपने चचेरे भाई के निवास ग्राम खपरी में पुरानी पारिवारिक विवाद को लेकर विवाद उत्पन्न कर अशांति फैलायी गई।

## बैठक

### ई-ऑफिस से ही होगा काम, मैनुअल पद्धति पूरी तरह बंद होगा

# अफसरों का दो दिन मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य, गुरु व शुक्रवार रहेंगे फील्ड दौरे पर

हरिभूमि न्यूज:बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों को मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने–अपने मुख्यालय एवं कार्यालयों में उपस्थित रहकर शासकीय कार्यों का संपादन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा अधिकारियों का दौरा कार्यक्रम गुरूवार एवं शुक्रवार को निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को राज्य शासन द्वारा जारी किए गए इस आदेश का अपने–अपने विभागों में कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने सभी अधिकारियों को राज्य शासन के द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देश के अनुसार गुरूवार एवं शुक्रवार के दिन अपने–अपने क्षेत्र का भ्रमण कार्यक्रम करने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने आगामी ग्रीष्मऋतु के मद्देनजर जिले में आम नागरिकों को पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की।

इसके लिए उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों को कार्ययोजना बनाकर समय पूर्व इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मिश्रा ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों का सुबह 10 बजे अपने–अपने कार्यालयों में पहुँचने के पश्चात बायोमेट्रिक उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी विभागों में ई–ऑफिस के समुचित क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विभागों में शत प्रतिशत ई–फाईलिंग के माध्यम से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने कहा कि किसी भी स्थिति में मैनुअल पद्धति में कार्य न किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने–अपने विभागों में स्टेट पर्चेसिंग रूल के आधार पर ही आवश्यकता अनुसार खरीदी–बिक्री सुनिश्चित करने तथा सभी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से पर्चेसिंग रूल का प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

**जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर होगा :** उन्होंने बताया कि जिले के अंतिम छोर में स्थित डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कमकापार में गुरूवार 26 फरवरी को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। मिश्रा ने अधिकारियों को ग्राम कमकापार में आयोजित इस जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिले के सभी शालाओं में बालिका शौचालयों के निर्माण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी शालाओं में अनिवार्य रूप से 08 मार्च तक बालिका शौचालयों के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने को कहा। मिश्रा ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु ग्राम पंचायतों का चयन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर को गुरूर विकासखण्ड के पर्यटन स्थल ओनाकोना को पर्यटन सर्किट बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### समय-सीमा में समुचित करने निर्देश

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने–अपने विभागों के अंतर्गत शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से कार्ययोजना बनाकर अपने पास अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने कहा कि मेरे अनुमोदन के पश्चात सभी विभागों को निर्धारित कार्ययोजना का समय–सीमा में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में चावल उत्सव के आयोजन की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने राज्य सरकार के द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में सुशासन तिहार के आयोजन करने की जानकारी दी। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों को पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में आम जनता से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी आवेदनों का शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्यों में पारदर्शिता की मांगः संदीप कसार

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में निर्माणाधीन यात्री प्रतीक्षालय के कार्यों को लेकर शिवसेना नेता संदीप कसार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि खैरीडीह, आलीखूंटा, गारका, बटेरा, करेंगांव, लमती सहित अन्य ग्रामों में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। उनका कहना है कि कई स्थानों पर नागरिक सूचना फलक नहीं लगाए गए हैं, जिससे आमजन को यह जानकारी नहीं मिल पा रही कि निर्माण किस मद से, कितनी लागत से तथा किस एजेंसी द्वारा किया जा रहा है।



विज्ञप्ति में यह भी उल्लेख किया गया है कि निर्माण कार्यों के दौरान विद्युत उपयोग की वैधता एवं अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में बिजली का उपयोग हुकिंग कर किया जा रहा है, साथ ही लागत राशि लगभग 7 से 8 लाख रुपये बताए जाने पर भी उन्होंने स्पष्टता की मांग की है, ताकि वास्तविक लागत और स्वीकृत राशि का तुलनात्मक विवरण सार्वजनिक हो सके। कसार ने कहा कि ग्राम सहगांव में यंग स्पोर्ट्स क्लब द्वारा लगभग 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय जनसहभागिता का सकारात्मक उदाहरण है। उन्होंने शासन-प्रशासन से अनुरोध किया है कि संबंधित निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किसी स्वतंत्र एवं सक्षम तकनीकी संस्था के इंजीनियरों से कराकर ही भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों बनी रहें।

# राज्य स्तरीय मेधावी परीक्षा में देविका रहीं प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज गुरूर

सरस्वती शिक्षा समिति छत्तीसगढ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर खुंदनी की बहन देविका सोनभद्र ने शिशु वर्ग में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धी पर देविका सोनभद्र के पिता मोहपत सोनभद्र और माता रेखा सोनभद्र के साथ पूरे परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। देविका के दादा जिवराखन सोनभद्र ने अपना जीवन एक शिक्षक के रुप मे व्यतित किया।

- तीन स्तरों पर हुई स्पर्धा, खेल और सांस्कृतिक प्रतिभा का भी हुआ प्रदर्शन

पूरा परिवार गायत्री परिजन से संबंधित है जिसका प्रभाव बच्चों के ऊपर रहा है। उन्हे संस्कार पूर्ण वातावरण मे अध्ययन करने का सुअवसर मिला है। यही कारण है आज पूरे छत्तीसगढ में अपना प्रथम स्थान बनाया। इस परीक्षा का आयोजन तीन स्तर संकुल स्तर के बाद जिला और राज्य स्तर पर किया गया।

### खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल

मेधावी परीक्षा के लिए कई स्तर व बौद्धिक के साथ शारीरिक, व्यावहारिक, कई स्तर पर परखा जाता है। प्रतियोगिता के अंतर्गत लिखित के साथ विभिन्न खेल जैसे खो खो, कबड्डी, आंचलिक खेल, गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़ और बौद्धिक में भजन, गीत, राम चरित्र मानस के पात्रें का एकल अभिनय, चौपाई, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी, गतिविधियां सम्मिलित की जाती है। इस प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय शिक्षा समिति द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। बहन देविका की उपलब्धि से प्रधानाचार्य उर्मिला नेताम के साथ दीदी भुनेश्वरी, गायत्री, नेहा, मुस्कान टकेश्वरी और द्रौपदी साहू और विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।



# विद्यालय में ताइक्वांडो परीक्षा संपन्न, बच्चों ने दिखाया दमखम



**बालोद।** ताइक्वांडो परीक्षा कार्यक्रम में स्कूल की अरूणा और चन्द्र शेखर यादव के मार्गदर्शन में बच्चों की ताइक्वांडो परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में बच्चों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। परीक्षा के सफल आयोजन में यमुनेश मिश्रा ने परीक्षक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि आकाश यादव ने प्रशिक्षक के रूप में बच्चों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को येलो बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथियों ने बच्चों के अनुशासन, मेहनत और प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरणाप्रद संदेशों के साथ हुआ।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में सेन समाज के चार पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

### केस शिल्पी कल्याण बोर्ड में जिम्मेदारी की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज:बालोद

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा में बालोद जिले से सेन समाज के चार प्रमुख पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिलने पर समाज में हर्ष की लहर है। सेन समाज बालोद के जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला महामंत्री बनाया गया है।

ब्लॉक अध्यक्ष सेतु राम शांडिल्य को सह कार्यालय प्रभारी, विनोद कौशिक को जिला उपाध्यक्ष तथा लालचंद नुणीवाल को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व सौंपा गया है। विदित हो कि संतोष कौशिक पूर्व में दो बार भाजपा के मंडल महामंत्री, प्रदेश कार्य विस्तारक दो बार तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री सहित नगर पालिका परिषद बालोद के लगातार तीन बार पार्षद निर्वाचित हो चुके हैं। संगठन में उनके लंबे अनुभव और सा मा जि क जुड़ाव को देखते हुए पार्टी ने पुनः उन पर भरोसा जताया है। सेन समाज बालोद को पूरे छत्तीसगढ़ में एक संगठित और आदर्श सामाजिक जिला माना जाता है। अब यह मांग उठने लगी है कि संतोष कौशिक, जो वर्तमान में सेन समाज जिला अध्यक्ष एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री हैं, उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य केस शिल्पी कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जाए। छत्तीसगढ़ राज्य केस शिल्पी कल्याण बोर्ड एक राज्य स्तरीय सरकारी निकाय है, जो पारंपरिक केस शिल्प व्यवसाय हेयर ड्रेसिंग, सैलून, ब्यूटी पार्लर, मेकअप से जुड़े लोगों के कल्याण, प्रशिक्षण, स्वरोजगार और तकनीकी सशक्तिकरण के लिए कार्य करता है। केस शिल्पियों को आधुनिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना, स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, व्यवसाय से जुड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा समाज के पारंपरिक पेशे की गरिमा को पुनस्र्थापित करना।



इस बोर्ड का अध्यक्ष राज्यभर के केस शिल्प व्यवसायियों की आवाज शासन तक पहुंचाने का कार्य करता है और नीति निर्धारण में अहम भूमिका निभाता है।

# भाजपा मंडल में संगठन विस्तार मोर्चा अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा में संगठनात्मक मजबूती एवं विस्तार के उद्देश्य से विभिन्न मोर्चा अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नई नियुक्तियों के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है।

मंडल स्तर पर की गई नियुक्तियों के तहत पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर भुवन यादव, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष के रूप में पूर्णिमा प्रजापति, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के रूप में मनोज मंडावी तथा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमंत साहू एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर संदीप भंसाली को दायित्व सौंपा गया है। वहीं जिला स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। संदीप जैन को जिला आर्थिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। चुन्नी मानकर को अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला बालोद का उपाध्यक्ष बनाया गया है।



दिलीप बाफना को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। इसके अलावा प्यारेलाल निषाद को जिला युवा मोर्चा का सह-प्रशिक्षण प्रमुख एवं भूषण साहू को जिला युवा मोर्चा का सह-मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, जनभागीदारी एकलव्य महाविद्यालय के अध्यक्ष जसराज शर्मा, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, पार्षद वीर सिंह ठाकुर, रेवती कोलियारे, सूर्यकला ठाकुर, धीरेंद्र टॉक, धर्मेंद्र निषाद, मोहन निषाद, लता गुप्ता, दिलीप भंसाली, रिखब जैन सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा आगामी कार्यक्रमों में संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

### विषय-विकारों से मुक्त होकर आत्मकल्याण का संदेश

# ध्वजा महोत्सव उपरांत प्रथम पट खुलने की रस्म हुई, श्रद्धालुओं ने किए प्रथम दर्शन

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा



नगर के शांतिनाथ जिनालय जैन मंदिर में ध्वजारोहण समारोह के पश्चात सोमवार प्रातः ध्वजा महोत्सव के अंतर्गत प्रथम पट खोलने की रस्म श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई।

यह विधि निपुणा शिशु महासती स्नेहयशाश्रीजी मसा व अन्य साध्वी वृंद के सानिध्य में शास्त्रोक्त मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराई गई। संघवी पारख एवं संघवी बाफना परिवार सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पट खोलकर ध्वजा महोत्सव के बाद प्रभु श्री शांतिनाथ दादा, श्री श्रेयांशनाथजी एवं श्री पार्श्वनाथजी की प्रतिमाओं के प्रथम दर्शन का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। उनका भाव था कि जैसे मंदिर की सफाई होती है, वैसे ही परमात्मा की कृपा से उनके कर्मों का भी क्षय हो और अंतःकरण पवित्र एवं निर्मल बने। इसके पश्चात अक्षत, मोदक एवं फल अर्पित किए गए। महासती स्नेहयशाश्रीजी मसा ने प्रवचन में कहा कि परमात्मा के दर्शन, वंदन और पूजन के समय भाव अक्षत के समान अक्षय होने चाहिए। अक्षत का अर्थ है जिसका क्षय न हो। इसी प्रकार साधक को भी परमात्मा पद की प्राप्ति की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने स्वस्तिक के चार कोणों का उल्लेख करते हुए चार गतियों से मुक्ति और मोक्ष की कामना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान के समक्ष अर्पित किए जाने वाले मोदक, फल और मिठाई केवल बाह्य प्रतीक नहीं, बल्कि आंतरिक भावों की अभिव्यक्ति हैं।



परमात्मा अनाहारी हैं, अतः साधक भी विषय-विकारों से मुक्त होकर आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर हो। जिनालय में सांसारिक वार्तालाप से बचते हुए एकाग्र भाव से भक्ति करनी चाहिए। वर्षभर पुष्प अर्पण करने वाले गुप्ता परिवार ने चढ़ाए आभूषण। संघ समाज ने गुप्ता परिवार के इस सत्कार्य की अनुमोदना करते हुए साधुवाद प्रकट किया। ध्वजा महोत्सव के इस पावन अवसर पर नगर का वातावरण पूर्णतः धर्ममय बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

### सार्वजनिक जगहों पर हंगामा करने वाले चार पर कार्रवाई

**भिलाई।** होली पर्व को लेकर पुरानी भिलाई नगर थाना पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए लगातार रात्रि गश्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी की रात पेट्रोलिंग के दौरान दादर भिलाई-3 और ग्राम अमेरी में कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हंगामा किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संबंधित व्यक्तियों को समझाइश दी। हालांकि, शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए चार लोगों को अभिरक्षा में लिया गया।




# जिले के111 परीक्षा केंद्रों में हुई 12वीं बोर्ड की परीक्षा



**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा बालोद जिले में शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की मुस्तैदी से जिले के सभी केंद्रों में आज परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सोमवार की परीक्षा के लिए जिले में कुल 111 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें कुल दर्ज 8492 परीक्षार्थियों में से 8380 छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 112 परीक्षाथएँ अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया जिले के डौंडीलोहारा विकासखण्ड में सर्वाधिक 2095 छात्र दर्ज थे, जिनमें से 2076 उपस्थित रहे। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखंड में 1935 दर्ज छात्रें में से 1926 ने परीक्षा दी। बालोद विकासखण्ड से 1549 दर्ज छात्रें में से 1490 उपस्थित रहे। इसी तरह डौंडी विकासखण्ड से 1457 में से 1442 छात्र शामिल हुए। गुरूर विकासखण्ड से 1456 दर्ज छात्रें में से 1446 उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आज की परीक्षा में जिले के किसी भी केंद्र से नकल का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया है।




